आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.03.2025 **समय : 1905**

- **आज विश्व जल दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– जल सभ्यताओं की जीवन–रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है।**
- **कृषि सचिव पल्लवी सरकार की अध्यक्षता में द्वीपसमूह में फसलों की अट्ठारह नई किस्मों की शुरूआत की पहल।**
- **द्वीपसमूह के पत्तन प्रबंध बोर्ड ने पोर्ट एंट्री पास मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन का ट्रायल वर्जन लॉन्च किया।**
- **आई पी एल का अट्ठारहवां संस्करण आज शाम कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होगा।**

<><><><><><><>

आज विश्व जल दिवस है। इसका उद्देश्य वर्ष दो हजार तीस तक सभी के लिए पानी और स्वच्छता सुनिश्चित करना है। इस वर्ष का विषय है–ग्लेशियर संरक्षण। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जल, सभ्यताओं की जीवन रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। वहीं, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा है कि जल संकट वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है, लेकिन भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन ने करोड़ों घरों में नल का जल उपलब्ध कराया है। अटल भूजल योजना ने गिरते जल स्तर के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाई है और अमृत सरोवर अभियान ने जल स्रोतों को नया जीवन दिया है। श्री पाटिल ने लोगों से हर एक बूंद को संरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल समृद्ध भारत बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

प्रशासन की कृषि सचिव पल्लवी सरकार की अध्यक्षता में सचिवालय में कृषि एवं बागवानी फसलों के लिए केन्द्रशासित प्रदेश बीज उप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में फसलों की अट्ठारह नई किस्मों को जारी करने पर विचार किया गया। केन्द्रशासित बीज उप–समिति में विचार के लिए प्रस्तुत फसल किस्मों के प्रस्ताव में चावल, हरा चना, काला चना, बैंगन, मालाबार इमली और तेजपत्ता शामिल हैं। बैठक में कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए इन किस्मों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया। केन्द्रशासित प्रदेश बीज उप–समिति के सह–संयोजक डॉ. दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने स्थानीय किसानों की मुख्य भूमि से खरीदे गए बीजों पर निर्भरता के बारे में चिंता को उजागर किया। उन्होंने मुख्य भूमि के आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए स्थानीय रूप से प्राप्त बीजों की आवश्यकता व्यक्त की, जो किसानों के लिए बेहतर पहुंच और उपलब्धता में मदद कर सकता है। कृषि सचिव ने इस बात पर बल दिया कि यदि मालाबार इमली और तेजपत्ता की किस्मों को द्वीप के खेतों में सफलतापूर्वक लागू किया जाता है, तो इससे निर्यात के अवसर पैदा हो सकते हैं। अपनी अनूठी विशेषताओं और बढ़ती मांग के साथ, दोनों फसलें क्षेत्र के कृषि निर्यात को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, जिससे स्थानीय किसानों और केंद्रशासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा।

<><><><><><><>

'अर्थ ऑवर' को बढ़ावा देने के लिए, श्री विजयपुरम के विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से आज रात साढ़े आठ से साढ़े नौ बजे तक अपनी बिजली की खपत वाले उपकरण, सजावटी लाइटें, फ्लड लाइटें और अन्य सभी गैर–जरूरी लाइटें बंद करने की अपील की है। 'अर्थ ऑवर' एक वैश्विक कार्यक्रम है, जो दुनिया भर के लोगों को पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए एक साथ आने के लिए प्रोत्साहित करता है। विद्युत विभाग ने सभी से इस 'अर्थ आवर' में भाग लेने का अनुरोध किया है और एक घंटे के लिए सभी अनावश्यक लाइटें बंद करने को कहा है, ताकि अपनी ऊर्जा खपत को कम करके कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सके और ग्रह को हरा–भरा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सके।

<><><><><><><>

व्यापार को आसान बनाने के लिए भारत सरकार की नीति के अनुरूप अण्डमान निकोबार प्रशासन के पत्तन प्रबंध बोर्ड ने सोवटेक के सहयोग से पोर्ट एंट्री पास मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन का ट्रायल वर्जन लॉन्च किया है। बोर्ड ने कहा है कि सॉफ्टवेयर का यह ट्रायल वर्जन बीस दिनों के लिए उपलब्ध रहेगा और इस अवधि के दौरान पोर्ट उपयोगकर्ताओं को सॉफ्टवेयर का पता लगाने और पत्तन प्रबंध बोर्ड के मुख्य पत्तन प्रशासक को ईमेल पर फीडबैक देने का अनुरोध किया गया है। फीडबैक प्राप्त होने के बाद सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन पैकेज को और विकसित किया जाएगा और सभी पोर्ट उपयोगकर्ताओं के लिए इसके अंतिम लॉचिग से पहले सॉफ्टवेयर में आवश्यक सुधार शामिल किए जाएंगे।

<><><><><><><>

भारतीय संचार निगम लिमिटेड श्री विजयपुरम ने चालू वित्त वर्ष के समापन को देखते हुए कल और तीस मार्च यानी रविवार को अपने मुख्य कैश कलेक्शन सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। ग्राहक इस अवसर का उपयोग अपने लंबित बिलों के भुगतान, यदि कोई हो, तो रविवार को भी कैश काउंटर पर कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण ने श्री विजयपुरम के अट्टम पहाड़ स्थित बालिका निकेतन में 'बालिकाओं की सुरक्षा' पर विधि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा और उनके लिए उपलब्ध सुरक्षा तंत्रों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सोमेन सेन और किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी उपस्थित रहें। इस दौरान उन्होंने मौजूदा सुविधाओं का मूल्यांकन किया और बच्चों की सुरक्षा, संरक्षा और पुनर्वास को बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम में बालिका निकेतन में रहने वाली लड़कियों के साथ बाल संरक्षण कानूनों के तहत उनके अधिकारों, उपलब्ध कानूनी उपायों और उनके कल्याण की रक्षा में कानूनी प्रणाली की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के पर्यटन विभाग की ओर से टूर गाइडिंग पर बारह दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में बर्ड वॉचिंग पर्यटन पर ध्यान केंद्रित किया गया। आई यू सी एन के अनुसार अंडमान निकोबार द्वीपसमूह दुनिया के चौंतीस हॉटस्पॉट में से एक है, जिसमें दो पक्षी स्थानिक क्षेत्र शामिल हैं। द्वीपसमूह के एवियन क्लब के अध्यक्ष अरुण सिंह ने ज़िम्मेदार पर्यटन और एक स्थायी उद्योग के रूप में पक्षी देखने के आर्थिक लाभों पर जानकारी साझा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग सौ प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। द्वीपों में पक्षी देखने के बारह मार्गों की पहचान की गई है। इच्छुक टूर गाइड पक्षी देखने के पर्यटन में आजीविका का विकल्प चुन सकते हैं, जिससे संरक्षण जागरूकता में योगदान करते हुए पर्यटन अनुभव को बढ़ाया जा सके।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से अपने राजस्व को बढ़ाने और नागरिकों की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए आज अट्टम पहाड़, गाराचरमा, भातुबस्ती और नया पहाड़गांव में विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए नगरपालिका करों का भुगतान आसान बनाना है। विशेष कर संग्रह अभियान में नगरपालिका करों में एक करोड़ बारह लाख छत्तीस हजार तीन सौ इक्कतीस रुपये का संग्रह हुआ। परिषद उनतीस मार्च को ब्रुक्शाबाद, ब्रिचगंज, प्रातरापुर और गाराचरमा में अभियान चलाएगा।

<><><><><><><>

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट का अट्ठारहवां संस्करण आज से शुरू हो रहा है। कोलकाता में आज आरंभिक मैच में मौजूदा चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। टूर्नामेंट में दस टीम चौहत्तर मैच खेलेंगी। प्रतियोगिता का फाइनल पच्चीस मई को खेला जाएगा।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में चल रहे खेलो इंडिया पैरा गेम्स में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। कल हुए महिला सौ मीटर श्रेणी में श्री विजयपुरम की पैरा एथलीट एम. भवानी ने रजत पदक हासिल किया।

<><><><><><><>